**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

पत्रांक–1/सी0आर0–1–101/2025– 566 पटना, दिनांक– 20.07.2026

प्रेषक,

नित्यानन्द प्रसाद,
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक),
सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक),
सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक),
सभी सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक),
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार

**विषय– लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार अभियंत्रण सेवा (असैनिक/यांत्रिक) के पदाधिकारियों के वित्तीय वर्ष–2025–26 के कार्य मूल्यांकण प्रतिवेदन को SPARROW System के तहत e-PAR आलेखन किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत कार्यरत बिहार अभियंत्रण सेवा (असैनिक/यांत्रिक) के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकण प्रतिवेदन (PAR) को SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के तहत वित्तीय वर्ष–2025–26 का ई–पी0ए0आर0 (e-PAR) आलेखन किया जाना है। जिसके आलोक में पदाधिकारियों का PAR Generate करते हुए NIC द्वारा सृजित व्यक्तिगत ई–मेल आई0डी0 पर उपलब्ध करा दिया गया है। जिसे प्रतिवेदी पदाधिकारी के रूप में स्वअभिलेखित कर प्रतिवेदक पदाधिकारी/समीक्षी पदाधिकारी/स्वीकरण पदाधिकारी को ऑनलाईन भेजा जाना है।

विदित हो कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के परिपत्र सं0–8160, दिनांक–22.05.2024 द्वारा बिहार सरकार के समूह 'क' एवं 'ख' के कर्मियों का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के स्थान पर Online e-PAR अभिलिखित किये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत किये गये है।

परिपत्र की कंडिका–5 (2) के अनुसार Online e-PAR अभिलेखन की प्रक्रिया– SPARROW System के e-PAR के ससमय अभिलेखन हेतु प्रतिवेदित/प्रतिवेदक/समीक्षी/स्वीकरण स्तर पर PAR के e-filing हेतु समय–सीमा का निर्धारण किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के सूचना सं0–12061, दिनांक–07.07.2026 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा प्रतिवेदित पदाधिकारी द्वारा स्व–मूल्यांकन (Self Appaisal) को भरकर प्रतिवेदिक पदाधिकारी को Online Forward किये जाने की तिथि को संशोधित करते हुए अंतिम तिथि–31.07.2026 तक निर्धारित को गयी है।

अतः अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष–2025–26 का e-PAR प्रतिवेदी पदाधिकारी के रूप में स्वअभिलेखित कर प्रतिवेदक पदाधिकारी को Online भेजा जाय। साथ ही प्रतिवेदक पदाधिकारी/समीक्षी पदाधिकारी/स्वीकरण पदाधिकारी के रूप में भी संबंधित पदाधिकारी का ससमय e-PAR Online अभिलेखन करने की कार्रवाई की जाय। विलम्ब हेतु स्वयं उत्तरदायी होगें।

कृपया इसे आवश्यक समझा जाय।

अनु0–यथोपरि।

विश्वासभाजन

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

क्रमशः

ज्ञापांक–1 / सी0आर0–1–101 / 2025– 566 पटना, दिनांक– 20.07.2026

प्रतिलिपि–अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक–1 / सी0आर0–1–101 / 2025– 566 पटना, दिनांक– 20.07.2026

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय / कार्य प्रबंधन) / श्री मनीष कुमार, अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता अनुश्रवण), दक्षिणी बिहार / श्रीमती स्नेहलता, आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

17.7.26